an>

Title: Need to convert National Highway Nos. 76 and 86 passing through Hamirpur Parliamentary Contituency, Uttar Pradesh into four lane.

कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल (हमीरपुर) ः मेरे संसदीय क्षेत्र हमीरपुर (उ.प्र.) आर्थिक रूप से पिछड़ा क्षेत्र है और इस क्षेत्र में सड़क परिवहन में समग्र सुधार हेतु आपात योजना के रूप में विशेष प्रयासों की आवश्यकता है। मेरे संसदीय क्षेत्र से होकर गुजरने वाले दो प्रमुख राष्ट्रीय राजमार्ग एन.एच.-86 और एन.एच.-76 हैं। दोनों राष्ट्रीय राजमार्ग डबल लेन के हैं जिनको 4 लेन का बनाये जाने की आवश्यकता है। इसके अतिरिक्त कबरई नगर के मध्य से एन.एच.-86 गुजरता है और सभी चौपहिया और भारी वाहन नगर से होकर गुजरते हैं जिसके कारण भारी जाम जरूरी है। अतः एन.एच.-86 पर कबरई नगर में सड़क बाईपास बनाया जाना जरूरी है। इसी तरह की स्थिति एन.एच.-86 पर स्थित नगर सुमेरपुर, एन.एच.-76 पर स्थित कुलपहाड़ नगर, पनवाड़ी नगर और मध्य प्रदेश के हरपालपुन तथा एन.एच.-86 और एन.एच.-76 दोनों राष्ट्रीय राजमार्गों पर स्थित महोबा नगर में है। इन सभी स्थानों पर भी सड़क बाईपास बनाये जाने की नितांत आवश्यकता है। इसके साथ एन.एच.-76 पर स्थित सूपा रेलवे क्रॉसिंग, किसड़ी रेलवे क्रॉसिंग और मध्य प्रदेश के जिला छतरपुर के हरपालपुर नगर रेलवे क्रॉसिंग पर आर.ओ.बी. जरूरी है। इन नवीन सड़क निर्माण के साथ-साथ प्रमुख खस्ताहाल राजकीय राजमार्गों को राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित कर मार्गों को सुधारने के लिए विशेष उपाय करने की आवश्यकता है।

अतः मेरा सरकार से निवेदन है कि बुंदेलखण्ड में सड़क संरचनाओं के सुधार के लिए मिशन मोड में समग्र योजना बनायी जाए साथ ही इन राष्ट्रीय राजमार्गों पर चिकित्सकीय सुविधा सहित मूलभूत सुविधाएँ भी उपलब्ध करायी जाये जिससे बुंदेलखण्ड क्षेत्र में सड़कें रोज़गार के लिए अन्य क्षेत्रों में पलायन का माध्यम न बने अपितु इन सड़कों के माध्यम से इस क्षेत्र का विकास हो और बुंदेलखण्ड विकास की नवीन संभावनाओं का क्षेत्र बन सके।